परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 15-09-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा थाना मुंडेरवा का किया गया औचक निरीक्षण।**
- **संबंधित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश।**

आजदिनांक 15.09.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जनपद बस्ती के मुंडेरवा थाने का औचक निरीक्षण किया गया। डीआईजी बस्ती द्वारा थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार,बंदीगृह,थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना कार्यालय के रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। थाना प्रभारी को रजिस्टरों में सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने, कार्यालय व थाना परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने,चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत प्रभावी रात्रिगस्त,अपराध व अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती